अपना प्रदेश जागरण

मुजफ्फरपुर, 1 जू

# कृषि वैज्ञानिक की नौकरी छोड़ वर्मी कंपोस्ट में नाम

कुमोद प्रसाद गिरि • सरायरंजन

**30** **40 क्विंटल प्रति माह खाद की बिक्री, दर्जन भर को दिया रोजगार**

**सरायरंजन के जयवंत युवाओं व किसानों के लिए बने प्रेरणास्रोत**

**कृषि वैज्ञानिक के रूप में सेवा के बाद वर्मी कंपोस्ट केंद्र किया स्थापित**

**उत्पादन केंद्र स्थापित करने में करीब 50 लाख रुपये किए खर्च**



तैयार वर्मी कंपोस्ट को पैकिंग करते कर्मी • जागरण




मैंने कृषि वैज्ञानिक के इस सराहनीय प्रयास को देखा है। अन्य युवा नौकरी की बजाय कृषि को उद्योग बनाकर प्रेरणा लें तो बिहार का कायाकल्प हो सकता है।

**-विजय कुमार चौधरी**, विस अध्यक्ष, बिहार

कुछ अलग करने की सोच के साथ कृषि वैज्ञानिक की नौकरी छोड़ जयवंत कुमार सिंह जैविक खाद निर्माता के रूप में ख्याति अर्जित कर चुके हैं। अपने गांव स्थित एक एकड़ जमीन में वर्मी कंपोस्ट (केंचुआ खाद) बनाने का फॉर्म चलाते हैं। यहां उत्पादित खाद की मांग कई राज्यों के अलावा नेपाल तक है। कई को रोजगार भी दिया है। उनसे कई प्रेरित होकर इस काम में लगे हैं।

सरायरंजन प्रखंड के खालिसपुर निवासी जयवंत ने आगरा विश्वविद्यालय से कृषि से एमएससी की। राजेंद्र कृषि विश्वविद्यालय पूसा में 10 वर्षों तक कृषि वैज्ञानिक के रूप में सेवा दी। इसके बाद किसानों का कृषि से पलायन रोकने के लिए गांव में ही जमुआरी नदी के किनारे वर्मी कंपोस्ट उत्पादन केंद्र स्थापित किया। इस पर करीब 50 लाख रुपये खर्च किए। शुरुआती दौर में केंचुआ बाहर से खरीदकर लाना पड़ता था। मात्र चार वर्षों के अंदर वर्मी कंपोस्ट उत्पादन इकाई को इतना विकसित कर लिया है कि गांव के दर्जनभर युवाओं को रोजगार उपलब्ध हो रहा है।

**इस तरह बनाते वर्मी कंपोस्ट :** गोबर की खाद में जलकुंभी एवं केले का थम्ब मिलाकर वर्मी उत्पादन खांचों में डालकर केंचुआ छोड़ा जाता है। केंचुए इसे खाकर अपनी बीट से इनकी उर्वरता में वृद्धि करते हैं। तीन महीने में खाद तैयार होती है। यह अन्य से किफायती होती है। इसके प्रयोग से फसल उत्पादन में वृद्धि होती है। उन्होंने वर्मी कंपोस्ट उत्पादन को गृह उद्योग बना लिया है। अभी प्रति महीने 30 से 40 क्विंटल खाद की बिक्री करते हैं। इसकी कीमत 600 रुपये प्रति क्विंटल है। उत्तर प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के अलावा नेपाल के भी किसान व व्यापारी यहां से खाद ले जाते हैं।

**गोबर की खाद से दस गुना गुणवत्ता :** जयवंत के अनुसार रासायनिक खाद जमीन की उर्वरा शक्ति समाप्त कर देती है, जबकि वर्मी कंपोस्ट खाद बढ़ाती है। गोबर की खाद से दस गुना गुणवत्ता इसमें है। यह सभी प्रकार की फसलों के लिए उपयोगी है। वर्मी खाद में पीएच की मात्रा 6-7 प्रतिशत, कार्बनिक पदार्थ की मात्रा 45-50 प्रतिशत, नाइट्रोजन 1-2 प्रतिशत, फॉस्फोरस 0.8-2 प्रतिशत, अन्य सूक्ष्म पोषक तत्वों में जिंक, बोरान एवं मैग्निशियम आदि 1-2 प्रतिशत एवं नमी 15-25 प्रतिशत है। उनका कहना है कि यदि युवा ठान लें तो कृषि से बिहार को स्वर्णिम बनाते हुए अपना जीवनस्तर उन्नत कर सकते हैं। अभी उनकी प्रेरणा से मोरवा प्रखंड के सूर्यपुर निवासी प्रवीण कुमार झा, संतोष कुमार चौधरी और व्यासपुर के राजेश कुमार झा आदि भी वर्मी कंपोस्ट के उत्पादन में लगे हैं।

1/6/18. जागरण



# चौपाल में शिथिलता बरतने वाले अधिकारी नपेंगे :परियोजना निदेशक

## जिले में पहली से पंद्रह जून तक लगाया जाएगा किसान चौपाल, तकनीक अपनाने की जरूरत

**जासं, समस्तीपुर** : जिले में 01 जून से 15 जून तक किसान चौपाल लगाया जाएगा। इसको लेकर गुरुवार को आत्मा के परियोजना निदेशक कृष्णकांत झा ने बैठक की। उन्होंने कहा कि किसान चौपाल के आयोजन में शिथिलता बरतने वाले अधिकारी और कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्यक्रम में मंत्री से लेकर प्रधान सचिव तक भाग ले रहे हैं। उन्होंने प्रखंडवार किसान उत्पादक समूह का गठन कर प्रचार-प्रसार कराने को कहा। इस समूह में कम से कम 200 किसान भाग लेंगे। समूह को दस लाख तक अनुदान तथा एक करोड़ का ऋण मिल सकता है, जिसका गारंटर भारत सरकार की संस्था होगी। उन्होंने कहा कि उत्पादन लागत को कम करने के लिए कृषि यंत्रों सहित विभिन्न तरह की तकनीकों को अपनाने की जरूरत है। पशुपालन, मत्स्यपालन, बकरीपालन, भेड़पालन, मुर्गीपालन आदि को अपनाकर समेकित कृषि प्रणाली का मॉडल अपनाना होगा। फसल विविधीकरण पद्धति पर किसानों को चलने की जरूरत है। इसके तहत सब्जी, पान, मशरूम, मसाला वाली फसलों, केला, पपीता, औषधीय पौधे की खेती के जरिए नई कृषि प्रणाली को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के लिए इन चीजों पर फोकस करना होगा। किसान उच्च गुणवत्ता के बीज का ही उपयोग करें। इसके साथ कृषि यंत्र, उचित प्रभेदों का चयन, समेकित कीट व्याधि प्रबंधन, समेकित पोषक तत्व प्रबंधन, सिंचाई प्रबंधन, श्री विधि से धान की खेती, सीधी बोआई आदि को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारियों को किसान चौपाल कार्यक्रम की विस्तृत कार्ययोजना उपलब्ध करा दी गई है। वैसे किसान जो प्रखंड और जिला स्तर तक नहीं आ पाते हैं उनके पंचायत में यह चौपाल लगाया जाएगा ताकि उनको विभागीय योजनाओं और फसलों की तकनीकी के बारे में जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में संबंधित पंचायत के सभी प्रतिनिधियों को आमंत्रित करना जरूरी है। बैठक में सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक के आलवा उप परियोजना निदेशक गंगेश कुमार चौधरी भी मौजूद थे।



बैठक करते अधिकारी • जागरण

हिन्दुस्तान - 2/6

# चौपाल में धनरोपनी व कीड़ों से बचाव की दी जानकारी

दलसिंहसराय | निज संवाददाता

प्रखंड के रामपुर जलालपुर स्थित पंचायत सरकार भवन में शुक्रवार को किसान चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया सुमित भूषण चौधरी एवं संचालन डा. अरविंद कुमार ज्योति ने की।

बीएओ चितरंजन चौधरी, तकनीकी प्रबंधक अरविंद कुमार पांडेय, कृषि समन्वयक निशांत कुमार एवं सलाहकार संजय चौधरी ने चौपाल में उपस्थित किसानों को धान की रोपनी एवं कीड़ों से बचाव के अलावे जैविक खेती, पशुपालन, मछली पालन, आम, लीची व केला की खेती के साथ ही कृषि से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। किसान भालचंद चौधरी, पवन चौधरी, शंभू चौधरी, कौशल चौधरी, कुणाल चौधरी, रामाश्रय महतो, इन्द्रकांत झा, जय नारायण यादव ने योजनाओं के संचालन में लाभुक किसानों को होनेवाली कठिनाईयों पर ध्यान आकृष्ट कराया। अरुण कुमार चौधरी, पूरण पासवान, इंदू देवी, प्रेम कुमार समेत अन्य किसान थे।

### सुनी समस्याएं

- जिले के कई प्रखंडों में शुक्रवार को आयोजित हुई किसान चौपाल
- चौपाल के दौरान सुनी गई किसानों की समस्याएं

**ताजपुर।** ताजपुर के रामापुर महेशपुर व आधारपुर पंचायत में कृषि विभाग के बामेती एवं आत्मा परियोजना द्वारा किसान चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें बीएओ अरुण कुमार चौधरी, कृषि समन्वयक अमरेंद्र प्रसाद राय, हरिदर्शन चौधरी, नृपेंद्र कुमार, कृष्ण कुमार, खुशबू कुमारी, संतोष झा आदि कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को बारी बारी से समेकित कृषि प्रणाली, किसान उत्पादक संगठन एवं कृषक हित समूह के गठन, जैविक खेती, मिट्टी जांच, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पौधा संरक्षण, उन्नत पैदावार से दोगुनी आय हासिल करने आदि के बारे में जानकारी दी। मौके पर मुखिया विनोद कुमार राय, राम नरेश सिंह के अलावे काफी संख्या में किसान मौजूद थे।




शुक्रवार को रामपुर जलालपुर में किसान चौपाल में भाग लेते किसान अधिकारी।

**उजियारपुर।** प्रखंड के डढ़िया पैक्स व अंगार पंचायत के डिहुली स्थित ग्राम कचहरी पर चौपाल लगाकर किसानों को आमदनी दोगुनी करने का उपाय बताया गया।

प्रखंड कृषि पदाधिकारी आरएन चौधरी के नेतृत्व में कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को समय पर बोआई, गुणवत्ता पूर्ण बीज व यंत्र का प्रयोग, समेकित कीट की रोकथाम तथा समुचित सिचाई की जानकारी दी। मौके पर बीएओ के अलावा कृषि समन्वयक अभिजीत कुमार, रितेश झा, किसान सलाहकार विनोद राम, पैक्स अध्यक्ष सूर्यदेव पांडेय, रमेश शर्मा, रूद्रकांत झा, महेश चौरसिया, नागेन्द्र राय आदि उपस्थित थे।

**सिंघिया।** बंगरहट्टा पंचायत भवन में बीएओ जय कुमार राम की अध्यक्षता में किसान चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें कृषि समन्वयक अनुपम कुमार, राजीव रंजन, किसान सलाहकार जोगेंदर कमती, बाबूल सिंह, अनुज सिंह आदि ने किसानों को योजनाओं की जानकारी दी।

**शिवाजीनगर।** बल्लीपुर पंचायत भवन पर आयोजित किसान चौपाल का उद्घाटन मुखिया विनोद कुमार मंडल ने किया। चौपाल में प्रखंड कृषि पदाधिकारी गुरुचरण चौधरी ने कृषि समन्वयक अमित रंजन, अजय शंकर मिश्रा, कृषि सलाहकार शंभु कुमार समेत महिला व पुरूष किसान मौजूद थे।

## नवीनतम तकनीक की दी जानकारी

**कल्याणपुर।** थाना क्षेत्र के खडसंड पूर्वी पंचायत के सामुदायिक भवन के परिसर मे मुखिया रविशंकर सिंह और अंजना पंचायत भवन के परिसर में मुखिया सुषमा दास की अध्यक्षता में किसान चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें कृषि विशेषज्ञों के द्वारा खरीफ खेती की नवीनतम तकनीक की जानकारी दी गई । साथ ही किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

## चौपाल में पहुंचे किसान

**विभूतिपुर।** प्रखंड के आलमपुर कोदरिया पंचायत भवन के प्रांगण में मुखिया राधेश्याम पासवान और खास टभका दक्षिण के नरवन ठाकुरबाड़ी के निकट मुखिया सुदामा देवी की अध्यक्षता में किसान चौपाल लगी। बीएओ शिवजी पासवान ने भी मौके पर मौजूद थे।(निसं)

## चौपाल में जैविक खेती पर दिया बल

उजियारपुर, संसः प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामनाथ चौधरी की देखरेख में मंगलवार को भगवानपुर देसुआ पंचायत के हाईस्कूल परिसर में चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें कृषि समन्वयक अभिजीत कुमार ने किसानों को श्री विधि तरीके से धान लगाने तथा विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्रों के प्रयोग के तौर तरीके बताए। किसानों को रासायनिक खाद का प्रयोग धीरे-धीरे बंद कर पूर्णरूप से जैविक खाद के प्रयोग पर बल दिया गया। मौके पर आत्मा अध्यक्ष कौशल प्रसाद सिंह, डा हरिओम शाही, महावीर पोदार, शंकर प्रसाद सिंह, राकेश सिंह सहित सैकड़ों किसान मौजूद थे। हसनपुर : प्रखंड क्षेत्र के शासन गांव स्थित सती स्थान परिसर में मंगलवार को किसान चौपाल में किसानों को जैविक खेती की जानकारी दिए। वहीं विभिन्न लाभकारी योजनाओं कों बताया। कृषि कर्मी मणिकांत चौधरी ने किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रेरित करते हुए मिट्टी जांच, किसान समूह, फसल बीमा, विपणन फूड प्रोसेसिंग, पशुपालन, मछली पालन आदि से प्राप्त होने वाली आमदनी के बारे में विस्तार से बताया। विश्व पर्यावरण दिवस पर मां सती पुस्तकालय परिसर में पौधरोपण का आयोजन किया।

6-6-18 · जागरण

# चौपाल में खेती पर की चर्चा

रोसड़ा | निज संवाददाता

प्रखंड के भरवाड़ी पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय टेकुनामठ के प्रांगण में किसान चौपाल का आयोजन मुखिया लक्ष्मण पासवान की अध्यक्षता में किया गया।

चौपाल में मौजूद किसानों को अपनी आय 2022 तक दुगुना किये जाने के लिए वैज्ञानिक खेती को अपनाने की अपील की गयी। चौपाल में सरकार द्वारा किसान हित में चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी। चौपाल में बीएओ हरिशंकर प्रसाद, कृषि समन्वयक सुनिल कुमार सिंह, अनिल कुमार महतो, किसान सलाहकार सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, रामकृपाल दास सहित सभी किसान समन्वयक और सलाहकार सहित महती संख्या में किसान मौजूद थे।



शुक्रवार को पूसा के विष्णुपुर बथुआ में आयोजित किसान चौपाल में समस्याओं पर चर्चा करते किसान व अधिकारी।

# चार रुपए में दिए जाएंगे मशरूम उत्पादन किट

पूसा | निज संवाददाता

विष्णुपुर बथुआ पंचायत भवन परिसर में शुक्रवार को किसान चौपाल का आयोजन किया गया। अध्यक्षता मुखिया अनिता देवी ने किया। मौके पर बीएओ विनय कुमार, कृषि समन्वयक सुभाष चन्द्र, चंदन कुमार, टेक नारायण सिंह, उपेन्द्र प्रसाद सिंह, दिनेश चन्द्र शर्मा, लालबाबू सिंह, रामस्वरूप सिंह, सुधा कुमारी, श्रीनारायण सिंह, रामसोभित राय आदि थे।

कृषि समन्वयक श्री सुभाष ने बताया कि मधुमक्खी पालन कीट पर 50 प्रतिशत एवं मशरूम किट व प्लास्टिक कैरेड पर 90 प्रतिशत का अनुदान सरकार दे रही है।

श्री सुभाष ने कहा कि अनुदान की राशि काटकर मधुमक्खी के साथ बक्सा महज दो हजार में, मशरूम कीट 4 रूपये में एवं प्लास्टिक कैरेट 40 रुपए में किसानों को उपलब्ध होंगा।

देवी ने गौरीशंकर साह, शर्मिला देवी सहित 7 लोगों को सम्मानित किया है।

05.06-2018 प्रभात खबर

## किसान चौपाल का हुआ आयोजन

**शिवाजीनगर.** प्रखंड के भटौरा पंचायत में भटौरा मठ स्तिथ किसान चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया. आयोजन की अध्यक्षता मुखिया शुभ कला देवी ने की. वही आयोजन में कृषि विभाग के ए टी एम सुशील कुमार कुशवाहा, अमित कुमार, अजय कुमार ने किसानों को कृषि संबंधित विस्तार से जानकारी दी. मौके पर किसान सलाहकार संजय कुमार, मुकेश कुमार, रंजीत कुमार, प्रगतिशील कृषक दिलीप कुमार सिन्हा, बलराम सिंह, सहित दर्जनों किसान उपस्थित थे.

आयोजन • कृषि विशेषज्ञ व अधिकारियों ने किसानों को दी आधुनिक तकनीकों की जानकारी

# किसान चौपाल में किसानों ने दर्ज करायी शिकायत

**प्रतिनिधि** ▷ विद्यापतिनगर

प्रखंड के सोठगामा पंचायत भवन में शुक्रवार को कृषि विभाग ने किसान चौपाल का आयोजन किया. इसकी अध्यक्षता कृषि समन्वयक दिनेश कुमार दास ने की. चौपाल में किसानों ने खेती बाड़ी की कठिनाईयों को रखते हुए उसके निदान की मांग की. किसानों की राय में खेतों में सरकारी सिंचाई की व्यवस्था को सहजता से उपलब्ध कराने के साथ अनुदानित मूल्य के खाद बीज व कृषि अनुदान को ससमय दिये जाने की बात कही. किसानों की शिकायत थी कि अनुदान की राशि काफी विलंब से दी जाती है. इससे इसके लाभ ठीक तरह से नहीं मिल पाते हैं. समय बीत जाने पर कई बार बीज उपलब्ध हो पाता है. इससे पिछता खेती हो पाती है. चौपाल में किसानों को वर्मी खाद, बायो गैस निर्माण एवं खरीफ की विभिन्न योजनाओं मसलन जीरो टिलेज, श्रीविधि, पेंडी ट्रांसप्लांटर व मुख्यमंत्री तीव्र बीज विस्तार योजना की जानकारी दी गई. किसान शंभू राय, उमेश राय, रामचंद्र सहनी, उमा सहनी, अशोक साह, ललन रास, सविता देवी, गीता देवी अन्य मौजूद थे.



चौपाल में मौजूद किसान.

- किसानों ने सिंचाई की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया
- समय बीत जाने पर कई बार उपलब्ध हो पाता है बीज
- व्यवस्था से किसान नाराज

**उजियारपुर** : प्रखंड के डढिया मुरियारो पैक्स व अंगारघाट पंचायत के ग्राम कचहरी में किसान चौपाल हुआ. इसमें किसानों को सरकार द्वारा खेती के आधुनिकतम तरीकों से 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी करने के उपाय पर चर्चा की गयी. जिसमें किसानों को समय पर फसल की बुआई करने, गुणवत्तापूर्ण बीज का प्रयोग करने, कृषि यंत्र का प्रयोग करने, समेकित कीट प्रबंधन, सिंचाई प्रबंधन, धान की सीधी बुआई करने और श्रीविधि से खेती करने सहित कई जानकारी दी गयी.

मौके पर बीएओ रामनाथ चौधरी, कृषि समन्वयक अभिजीत, रितेश झा, राजीव कुमार, ललन कुमार, संतोष कुमार राय, निशीत अंकुर, सूर्यदेव पांडेय, मनोज सिंह, शंभू सिंह, शंकर पांडेय, रामाकांत मिश्र, रुद्रकांत झा, किसान सलाहकार विनोद राय, नागेंद्र राय, रामबदन सिंह, रमेश शर्मा, महेश चौरसिया आदि थे.

**मोरवा** : प्रखंड के बनबीरा पंचायत में किसान चौपाल का आयोजन किया गया. इसकी अध्यक्षता मुखिया नारायण शर्मा ने की. इसमें किसानों से जुड़ी समस्याओं और यांत्रिकीकरण के मुद्दे पर चर्चा की गयी. मौके पर प्रखंड उद्यान पदाधिकारी अनिल कुमार, मिथलेश साह, मनीष कुमार, मुकेश कुमार आदि थे.

**मोहनपुर** : प्रखंड क्षेत्र के बघड़ा पंचायत के कबीरपंथी मठ परिसर में किसान चौपाल हुआ. कृषि समन्वयक राजीव कुमार रजक, मनोज चौधरी, सहायक तकनीकी प्रबंधक आलोक कुमार, मंजुला देवी, प्रमोद राय, लालापरी देवी, वकील कुमार राय, बेबी देवी, जागपरी देवी, सत्येन्द्र कुमार गुप्ता, विमल देवी, मीना देवी, रूदल राय आदि किसान मौजूद थे. **वारिसनगर** : प्रखंड क्षेत्र के रोहुआ पूर्वी पंचायत स्थित लड्डुआरा टोला में किसान चौपाल हुआ. मौके पर कृषि समन्वयक अजय कुमार, अरविंद कुमार चौधरी, मनोज कुमार, अभय कुमार, सरोज कुमार, रामचंद्र झा, संजय ठाकुर, रौशन ठाकुर, बैजनाथ मांझी, गया पोद्दार, मुन्ना पांडेय थे. **पूसा** : विष्णुपुर बथुआ पंचायत भवन पर शुक्रवार को किसान चौपाल का आयोजन हुआ. अध्यक्षता मुखिया अनिता देवी ने की. मौके पर बीएओ विनय कुमार, कृषि समन्वयक सुभाषचन्द्र, चन्दन कुमार, उपेन्द्र प्रसाद सिंह, प्रगतिशील कृषक टेक नारायण सिंह, दिनेशचन्द्र शर्मा, लालबाबू सिंह, राम स्वररूप सिंह, सुधा कुमारी, हरिनारायण सिंह, राम शोभित राय आदि किसान मौजूद थे.

प्रभात खबर 02 जून 2018, पेज सं० 06

दैनिक भास्कर



आयोजन | दलसिंहसराय, विद्यापतिनगर, शाहपुर पटोरी व उजियारपुर में उमड़ी किसानों की भीड़

# जिले के विभिन्न प्रखंडों में किसान चौपाल में दी गईं सरकार की योजनाओं की जानकारियां

भास्कर न्यूज़ | समस्तीपुर



मोहनपुर में किसान चौपाल में मौजूद किसान व अधिकारी।



विद्यापतिनगर में सोठगामा पंचायत में किसान चौपाल में उपस्थित किसान।

जिले के विभिन्न प्रखंड क्षेत्रों में शुक्रवार को किसान चौपाल में किसानों दी गई सरकार की योजनाओं की जानकारियां। किसान चौपाल दलसिंहसराय, विद्यापतिनगर, शाहपुर पटोरी, मोरवा, पूसा सहित अन्य प्रखंडों में हुए किसान चौपाल में इसमें जैविक खेती, पशुपालन, अंडा व मछली पालन, आम, लीची, केला, अमरूद की खेती से आमदनी की बढ़ोतरी, खरीफ में धान रोपने की विधि, कीड़े-मकोड़े व खर-पतवार से फसल की सुरक्षा आदि की जानकारी दी गई।

**दलसिंहसराय** | प्रखंड के दो पंचायत अजनौल व रामपुर-जलालपुर पंचायत में शुक्रवार को कृषि विभाग की ओर से अलग-अलग किसान चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अजनौल में मुखिया दिलीप कुमार महतो व रामपुर-जलालपुर में मुखिया सुमित भूषण चौधरी की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। इस दौरान बीएओ चितरंजन चौधरी, सहायक तकनीक प्रबंधक अरविंद कुमार पांडेय, कृषि समन्वयक मुकेश कुमार चौधरी, चंद्रभूषण राय, कृषि सलाहकार राजेश कुमार, नरेश कुमार सिंह आदि ने लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई। वहीं किसान की ओर से पवन चौधरी, शंभू चौधरी, कौशल चौधरी, रामाश्रय महतो, कुणाल चौधरी, जय नारायण यादव, इन्द्रकांत झा आदि ने सरकार की योजना के लागू होने में कठिनाइयों पर सभी का ध्यान आकृष्ट कराया।

**शाहपुर पटोरी** | प्रखंड के बहादुरपुर पटोरी पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन पर स्थानीय मुखिया किरण कुमारी की अध्यक्षता में चौपाल का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए प्रखंड कृषि समन्वयक अमरेन्द्र कुमार राय ने किसानों जानकारी दी। मौके पर प्रखंड समन्वयक जितेंद्र कुमार राय, एटीएम प्रदीप शर्मा एवं स्थानीय किसान सलाहकार रेणु कुमारी सहित दर्जनों महिला पुरुष किसान उपस्थित थे।

**विद्यापतिनगर** | प्रखंड क्षेत्र के सोठगामा पंचायत में कृषि समन्वयक दिनेश कुमार साह की अध्यक्षता में किया गया। मौके पर पैक्स अध्यक्ष मुन्ना कुमार, राम विलास ठाकुर, शंभु प्रसाद राय, ललन राय, अशोक साह, उमा सहनी, उमेश राय सहित दर्जनों किसान मौजूद थे।

**मोरवा** | प्रखंड के यज्ञशाला परिसर में मुखिया नारायण शर्मा की अध्यक्षता में किसान चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें कृषि समन्वयक मुकेश कुमार, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी अनिल कुमार व कृषि सलाहकार मिथिलेश साह ने उपस्थित किसानों को विस्तार से बताया। मौके पर मनीष कुमार, सुनील कुमार, पंसस अरुणा देवी, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद कुमार राय, शंभू राय, मनोज कुमार राय, अशेशर राय, सतेन्द्र राय भगत आदि किसान उपस्थित थे।

**उजियारपुर** | प्रखंड की डढिया मुरियारो पैक्स गोदाम तथा अंगारघाट पंचायत के डिहुली ग्राम कचहरी पर किसान चौपाल का आयोजन किया गया। मौके पर बीएओ रामनाथ चौधरी, कृषि समन्वयक अभिजीत, रितेश झा, राजीव कुमार, ललन कुमार, संतोष कुमार राय, निशीथ अंकुर, सूर्यदेव पांडेय आदि उपस्थित थे।

**सिंघिया** | बंगरहट्टा पंचायत अंतर्गत पंचायत भवन परिसर में बीएओ जय कुमार राम मौजूदगी में पंचायत के पैक्स अध्यक्ष अभय कुमार सिंह की अध्यक्षता दीप प्रज्वलित कर किसान चौपाल आयोजन की शुरुआत हुई। सुरेन्द्र कुमार ने जैविक खेती से संबंधित जानकारियां दीं। मौके पर किसान सलाहकार गंगा प्रसाद यादव, राजेश पासवान, पंचायत के किसान आदि मौजूद थे।

**मोहनपुर** | प्रखंड के बघड़ा पंचायत के कबीरपंथी मठ में किसान चौपाल का आयोजन किया गया। कृषि समन्वयक राजीव कुमार रजक ने किसानों जानकारियां दीं। मौके पर कृषि समन्वयक मनोज चौधरी, सहायक तकनीकी प्रबंधक आलोक कुमार, मंजुला देवी, प्रमोद राय, लालपरी देवी, वकील कुमार राय, बेबी देवी, जागपरी देवी, सत्येन्द्र कुमार गुप्ता, विमल देवी, मीना देवी, रूदल राय आदि थे।

**पूसा** | प्रखंड कृषि कार्यालय के द्वारा विष्णुपुर बथुआ पंचायत के किसानों के लिए स्थानीय पंचायत भवन के परिसर में किसान चौपाल का आयोजन किया गया। अध्यक्षता पंचायत की मुखिया अनीता देवी ने की। इस अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी विनय कुमार ने चौपाल का उद्घाटन किया। कृषि समन्वयक सुभाष चंद्र कुमार ने जानकारियां दीं। मौके पर किसान उपेंद्र प्रसाद सिंह, दिनेश चंद्र शर्मा, लालबाबू सिंह, रामस्वरूप सिंह, सुधा कुमारी, दीपनारायण सिंह आदि मौजूद थे।

**विभूतिपुर** | प्रखंड के आलमपुर कोदरिया पंचायत भवन के प्रांगण में किसान चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मुखिया राधेश्याम पासवान ने किया। कृषि सलाहकार प्रेमचंद सिंह ने विस्तार पूर्वक किसानों को खेती के बारे में बताया। मौके पर भगवती चरण, अमरेश कुमार, अरुण कुमार आदि भी थे।

**वारिसनगर** | प्रखंड क्षेत्र के रोहुआ पूर्वी पंचायत स्थित लडुआरा टोला पर किसान चौपाल कार्यक्रम आयोजित की गई। मौके पर कृषि समन्वयक अजय कुमार, अरविंद कुमार चौधरी, मनोज कुमार किसान सलाहकार अभय कुमार सरोज कुमार, किसान रामचंद्र झा, संजय ठाकुर, रौशन ठाकुर, बैजनाथ मांझी, गया पौद्दार, मुन्ना पांडेय सहित अन्य किसान मौजूद थे।

**शिवाजीनगर** | प्रखंड के बल्लीपुर पंचायत भवन के प्रांगण में मुखिया विनोद कुमार मंडल की अध्यक्षता में किसान चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें खरीफ की योजनाओं की जानकारी दी गई। मौके पर कृषि पदाधिकारी गुरु चरण चौधरी, समन्वयक अमित अमित रंजन, अजय शंकर मिश्रा शंभू कुमार आदि किसान उपस्थित थे।

जागरण - 2 जून

# फसलों और फलदार पौधों से किसान कमा सकते मुनाफा



चौपाल में भाग लेते किसान ● जागरण

शाहपुरपटोरी, संस.: फसलों तथा फलदार वृक्षों को लगाकर किसान अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। आज के युग में कृषि कार्य को व्यवसायिक बनाने के लिए ऐसे फसलों का चयन करना चाहिए जिससे कम लागत में अधिक मुनाफा हो सके और किसानों की आय इस प्रकार बढ़े ताकि किसान आर्थिक रूप से सुदृढ़ हो सके। उक्त बातें शुक्रवार की दोपहर बहादुरपुर पटोरी में आयोजित किसान चौपाल कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने कही। उन्होंने कहा कि खरीफ फसल की बुआई अब शुरू होने वाली है। इसके लिए किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेतों की तैयारी करनी पड़ेगी। साथ ही उचित खाद और उर्वरक तथा सिंचाई की व्यवस्था समय पर करने से ही अधिक लाभकारी फसल उगाये जा सकेंगे। इस अवसर पर कृषि समन्वयक अमरेन्द्र कुमार राय, मुखिया किरण देवी, किसान सलाहकार रेणु देवी, समन्वयक जितेन्द्र राय, एटीएम प्रदीप शर्मा के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान मौजूद रहे। चौपाल में किसानों ने भी कृषि से संबंधित जानकारियां प्राप्त की। कल्याणपुर, संस : अजना प्राथमिक विद्यालय परिसर में किसान चौपाल का आयोजन किया गया। समन्वयक प्रभेश कुमार, डॉ. अवध कुमार पटेल, अनिल कुमार प्रसाद एवं रंजीत कुमार ने उपस्थित किसानों को खरीफ योजना के तहत खेती करने के संबंध में विस्तार से बताया। मौके पर कृषक विनोद महतो, भोला महतो, चंदेश्वर महतो, श्रीप्रसाद, राजाराम महतो, गुड्डू कुमार, सोमन राय, मिश्री राय, पैक्स अध्यक्ष हिमांशु कुमार आदि ने खेतीबारी से संबंधित कई प्रश्न किए। मोरवा, संस : बनबीरा पंचायत में शुक्रवार को किसान चौपाल का आयोजन किया गया। मौके पर प्रमोद कुमार राय, अरबिंद कुमार सिंह,

दिग्विजय सिंह, मनोज कुमार राय ,सम्भु प्रसाद राय, अमरेंदर राय, नूतन राय, दयाल पंडित, किसान सलाकार मिथलेश साह , मनीष कुमार, सुनील कुमार सहित अन्य किसान उपास्थित रहे। वारिसनगर : रोहुआ पूर्वी पंचायत स्थित लड्डुआरा टोला पर शुक्रवार को किसान चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर कृषि समन्वयक अजय कुमार, अरविंद कुमार चौधरी, मनोज कुमार, किसान सलाहकार अभय कुमार, सरोज कुमार, किसान रामचंद्र झा, संजय ठाकुर, रौशन ठाकुर, बैजनाथ मांझी, गया पौद्दार, मुन्ना पांडेय आदि मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर 03 जून 2018 पेज सं० 13

# किसान चौपालों में किसानों को खेती के सिखाए गए कई तरीके

भास्कर न्यूज़ | समस्तीपुर



चौपाल में मौजूद कृषि पदाधिकारी व किसान।

जिले के विभिन्न प्रखंडों के पंचायतों में किसान चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस चौपाल में किसानों को अनुदानित दर पर बायो फर्टिलाइजर वितरण, धातु कोठिला वितरण, बायो गैस की स्थापना, नलकूप योजना, वर्मी कम्पोस्ट यूनिट निर्माण की विस्तृत जानकारी किसानों के बीच दी गयी।

**दलसिंहसराय :** प्रखंड के तीन पंचायतों बसढ़िया, सुल्तानपुर घटहो व बंबइया हरलाल में कृषि विभाग की ओर से किसान चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बसढ़िया में मुखिया हेमंत कुमार सहनी, सुल्तानपुर घटहो में नूतन देवी व बंबइया हरलाल में पवन पासवान की अध्यक्षता में कार्यक्रम मनाई गई। इस दौरान बीएओ चितरंजन चौधरी, सहायक तकनीक प्रबंधक अरविंद कुमार पांडेय ने लोगों को सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी दिया। वहीं एसबीआई एडीबी शाखा के फील्ड ऑफिसर गौरव कुमार ने किसानों को बैंक संबंधी जानकारी दिया। मौके पर घनश्याम दास, रामदेव सिंह, राजेश्वर सिंह, महेंद्र सिंह, राम विलास शर्मा, विशेष ठाकुर, विश्व नाथ राम, मो. फारूक, शम्भू नाथ राय सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

**विद्यापतिनगर :** प्रखंड के बालकृष्णपुर मड़वा पंचायत में शनिवार को किसान चौपाल का आयोजन किया गया। अध्यक्षता कृषि समन्वयक गौतम कुमार चौधरी ने की। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी विजय कुमार सिंह,आत्मा अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह,प्रभात कुमार,मधुकर श्लोक,मुखिया संजीत कुमार सिंह,प्रेम किशुन महतो,दिलीप साह,पुनीत यादव,उपेन्द्र राय, रंजीत सहनी संजय सिंह,प्रशांत सिंह सहित किसान मौजूद थे।

**हसनपुर :** प्रखंड के औरा पटसा, अहिलवार एवं बड़गांव पंचायत में किसान चौपाल का आयोजन किया गया। औरा पटसा में चौपाल का उद्घाटन पंचायत के पूर्व मुखिया रामकिशोर राय एवं बड़गांव में पंचायत के मुखिया महाराज पासवान ने किया। इस मौके पर बीएओ विनय कुमार सरस, मणिकांत चौधरी, जगन्नाथ झा, सुभाषचंद्र झा उर्फ विदूर जी झा, राजेश कुमार, मुकेश कुमार, सिद्धार्थ राय, अंजनी शरण, चंद्रशेखर कुमार, प्रभाषचंद्र झा, चंद्रभूषण मिश्र, भोला यादव, संजय यादव, राम यादव, सुदर्शन यादव, अरविंद यादव आदि थे।

**सिंघिया :** प्रखंड के बिष्णुपुर डीहा व सिंघिया टू पंचायत के पंचायत भवन परिसर में बीएओ जय कुमार राम की मौजूदगी में पंचायत के मुखिया कृष्ण कुमार पासवान एवं शमशेर प्रसाद सिंह की अध्यक्षता किसान चौपाल की आयोजन हुई। इस चौपाल में किसान समन्वयक अनुपम कुमार, गंगा प्रसाद यादव, कुमार दीपक ने किसानों को अवगत कराया। मौके पर कौशल कुमार सिंह, किसान सलाहकार, किसान एवं पंचायत के जनप्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

**वारिसनगर :** प्रखंड क्षेत्र के रोहुआ पश्चिमी पंचायत में किसान चौपाल कार्यक्रम आयोजित की गई। मौके पर कृषि संम्नव्यक अजय कुमार, अरविंद कुमार चौधरी,मनोज कुमार बीईओ रैयाज अली, किसान सलाहकार सरोज कुमार,कृषि संम्नव्यक अजय कुमार, राजेश कुमार ठाकुर, मुखिया वशिष्ठ राउत, गोपाल जी ठाकुर, सुबोध ठाकुर, सहित अन्य किसान मौजूद थे।

**उजियारपुर :** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चन्दौली, गावपुर सहित अन्य पंचायतों में शनिवार को किसान चौपाल का आयोजन किया गया। मौके पर युवा राजद नेता संजय कुमार यादव, जिला पार्षद दिलीप कुमार सहनी, पूर्व मुखिया उमेश सहनी किसान सलाहकार अशोक कुमार सिंह, सीतल सिंह, यशवंत चौधरी, वीरेन्द्र कुमार, संजीत कुमार चौधरी, विनय सहनी, रंजीत ठाकुर, सुरेश सिंह, भाग्य नारायण राम आदि ने भाग लिया।

**मोरवा :** प्रखंड के चकपहाड़ पंचायत भवन पर मुखिया रेणु देवी व सारंगपुर पूर्वी में मनोज कुमार राय की अध्यक्षता में किसान चौपाल का आयोजन किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी चंद्रशेखर सिंह ने किसानों कई तरीके बताया। किसान चौपाल में बीएओ लोकनाथ ठाकुर, कृषि समन्वयक प्रभात कुमार, संजीव कुमार,रंधीर कुमार झा,रविन्द्र कुमार व कृषि सलाहकार सुनील कुमार ठाकुर,जितेंद्र कुमार एवं सच्चिदानंद सहनी आदि ने भाग लिया।

**सरायरंजन :** प्रखंड के वाजिदपुर मेयारी पंचायत के पंचायत भवन पर कृषि विभाग के द्वारा किसान चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मुखिया राम कुमार महतो ने की। मौके पर कृषि समन्वयक सुधांशु शेखर, किसान सलाहकार विष्णुदेव राय, रमेश कुमार, रामबाबू ठाकुर, विनोद राय, वार्ड सदस्य महेश्व राय, रमेश कुमार राम, जानकी सिंह, तेघना महतो आदि थे।

## किसान चौपाल. वैज्ञानिक व अधिकारियों के समक्ष उठे कई सवाल

# विभाग रखे सुविधा का ध्यान तभी होंगे किसान खुशहाल

**चौपाल में बाल कृष्णपुर मड़वा के किसानों ने कृषि अधिकारियों को दी नसीहत**



किसान चौपाल में उपस्थित लोग.

**प्रतिनिधि** ▷ विद्यापतिनगर

समय के साथ खाद बीज उपलब्ध कराकर कृषि विभाग सरकार की ओर से जारी किसानों के लिये सुविधाओं को ध्यान रखे. तभी किसान खुशहाल हो पायेंगे. यह बातें शनिवार को बालकृष्ण मड़वा में आयोजित किसान चौपाल में किसानों ने कही. अध्यक्षता कृषि समन्वयक गौतम कुमार चौधरी ने की. चौपाल में कृषि समन्वयक ने खरीफ 2018 में कृषि विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी. चौपाल में धातु कोठिला वितरण, वर्मी कंपोस्ट यूनिट निर्माण, बायो गैस यूनिट की स्थापना, बोरिंग योजना, अनुदानित दर पर बायो फर्टिलाइजर वितरण, बायो पेस्टिसाइड वर्मी कंपोस्ट वितरण आदि के बारे में बताया गया. वहीं किसानो ने विभागीय कर्मी को विभिन्न तरह के सुझाव बताते हुए कृषि विभाग के प्रति नाराजगी वाली शिकायत भी दर्ज करायी.

सुझाव दिया गया कि सभी वस्तुओं पर एमआरपी का सही निर्धारण होना चाहिए. सिंचाई के लिये खराब पड़े राजकीय नलकूप की मरम्मती होनी चाहिए. चौपाल में बीएओ विजय कुमार सिंह, आत्माअध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, कृषि समन्वयक अनिल कुमार सिंह, बीएचओ प्रभात कुमार, मो. शब्बीर, मधुकर श्लोक, मुखिया वार्ड सदस्य के अलावे किसान प्रेमकृष्ण महतो, दोरिक साह, पुनीत कुमार यादव, राम लखन महतो, सुरेंद्र राय, उपेंद्र राय, रविंद्र राय, संजीत सहनी, रामचंद्र दास, संजय सिंह, गुल्लू ठाकुर, प्रशांत सिंह, रामाशीष महतो अन्य मौजूद थे. मोहिउद्दीननगर : बोचहा व रासपुर पतिसिया पश्चिम पंचायत में कृषि चौपाल का आयोजन किया गया. मौके पर मुखिया प्रिंस कुमार सिंह, सरपंच फूल कुमारी, कृषि समन्वयक संजय कुमार हिमांशु, पंकज कुमार चौधरी, रामनरेश राय, शिवनाथ कुमार, पैक्स अध्यक्ष सोनू कुमार सिंह, भिखारी राय, विनोद सिंह, राम ज्योति पासवान, रामबली राय आदि मौजूद थे. मोहनपुर : विशनपुर बेड़ी के सामुदायिक भवन मटिऔर के परिसर में किसान चौपाल का आयोजन किया गया. मौके पर उमाशेकर सिंह, आलोक कुमार, मनोज कुमार राय, ध्रुव कुमार सिंह, शशि कुमार सिंह, उज्जवल सिंह, रंजन कुमार, कामेश्वर राय आदि मौजूद थे.

प्रभात खबर 3-6-18 पेज सं. 8

## रासायनिक खाद नुकसानदायक : डीएओ

**मोरवा.** प्रखण्ड के सारंगपुर पूर्वी पंचायत के पैक्स गोदाम परिसर में किसान चौपाल हुआ. अध्यक्षता मुखिया मनोज पटेल ने की. डीएओ चन्द्रशेखर सिंह ने किसानों को रासायनिक खाद और कीटनाशक से दूर रहने की सलाह दी. इसे खेतों के लिए हानिकार बताया. लागतपूर्ण बताया. जैविक विधि से खेती की सलाह दी. पौधा संरक्षण के सहायक निदेशक रविन्द्र कुमार महतो ने किसानों को फसलों में होने वाली बीमारियों और उससे होने वाले दुष्परिणाम के बारे में बताते हुये उससे निबटने की बात बतायी. बीएओ लोकनाथ ठाकुर ने किसानों से अनुरोध किया कि वे सरकारी सुविधाओं का लाभ उठायें. मौके पर पैक्स अध्यक्ष विवेकानन्द राय, प्रभात कुमार, संजीव कुमार शर्मा, बाल मुकुंद आदि थे.

प्रभात खबर, 4 जून 2018 पेज सं. 06

## उन्नत तरीके से खेती-बाड़ी करने की दी जानकारी

सरायरंजन, संस : प्रखंड के वाजिदपुर मेंयारी पंचायत के पंचायत भवन पर कृषि विभाग की ओर से किसान चौपाल कार्यक्रम का आयोजित हुआ। अध्यक्षता मुखिया राम कुमार महतो ने की। चौपाल में किसानों ने खेती-बाड़ी की कठिनाइयों को रखते हुए उसके निदान की मांग की। किसानों की राय में खेतों में सिंचाई की व्यवस्था के लिए सरकारी सहायता उपलब्ध कराने के साथ अनुदानित मूल्य पर बीज व कृषि अनुदान को ससमय दिए जाने पर बल दिया। वही किसानों ने कहा कि कई बार समय बीत जाने के बाद बीज उपलब्ध कराया जाता है। इससे खेती पिछात हो जाती है। चौपाल में किसानों को वर्मी खाद, बायो गैस निर्माण सहित अन्य मुद्दों पर विस्तारपूर्वक प्रखंड कृषि पदाधिकारी हिमांशु कुमार द्वारा बताया गया। मौके पर कृषि समन्वयक सुधांशु शेखर, किसान सलाहकार सैकड़ों किसान मौजूद थे।

3 जून

मुजफ्फरपुर, मंगलवार
5.06.2018 | प्रभात खबर | 06

## दलसिंहसराय/रोसड़ा

# लाभ से वंचित रह जाती है सुदूर गांवों की खेती किसानी

प्रतिनिधि ▷ दलसिंहसराय

**निर्धारित** कार्यक्रम के अनुरूप सोमवार को बुलाकीपुर पंचायत में किसान चौपाल का आयोजन किया गया. अध्यक्षता मुखिया गिरिजा देवी ने की. इसमें उपस्थित किसानों के बीच कृषि विभाग की ओर से चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रम की जानकारी दिये जाने के साथ ही 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने के लिये आवश्यक उपायों पर विभिन्न प्रकार की तकनीकी जानकारी विशेषज्ञों की ओर से दी गई. मौके पर अवधेश कुमार राय, आरती कुमारी, महेन्द्र कुमार समेत अन्य पंचायतवासी किसान मौजूद थे. विद्यापतिनगर : किसानों की समस्या को लेकर व सरकारी लाभ उन्हें हस्तगत कराने की जानकारी के लिये सोमवार को प्रखंड कृषि विभाग की ओर से सुदूर पंचायत सोठगाम में किसान चौपाल का आयोजन किया गया. पंचायत भवन पर आयोजित चौपाल की अध्यक्षता कृषि पदाधिकारी विजय कुमार सिंह ने की. चौपाल में किसानों का दर्द समुचित लाभ से वंचित रह जाता सुदूर गांव

### जगह-जगह हुआ किसान चौपाल का आयोजन



का खेती किसानी रह रह कर मुखरित होता रहा. इसे बीइओ ने ध्यान में रखे जाने की बात कही. कृषि समन्वयक प्रभात कुमार ने खरीफ के लिये चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी. मौके पर आत्मा अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने आत्मा की ओर से चल रहे योजनाओं को रखा. किसान राम करण महतो, मनोज कुमार, विनोद सिंह, भुनेश्वर महतो, रेणु कुमारी, ब्रजेश चौधरी, पवन कुमार राय, वीरेंद्र चौधरी, शंभू कूमार राय थे. वारिसनगर : चंदौली स्थित पैक्स कार्यालय परिसर में किसान चौपाल हुआ. अरविंद कुमार चौधरी, मनोज कुमार, रतेंद्र कुमार सिंह आदि थे. हसनपुर : मवि सकरपुरा एवं मवि भटवन में कृषि चौपाल हुआ. किसानों को नये तरीके से खेती की जानकारी दी गयी. सुभाषचंद्र झा उर्फ विदुरजी झा, मणिकांत चौधरी, मुकेश रंजन, अवध शरण यादव, आनंद कुमार सिंह आदि थे. सिंघिया : हरदिया पंचायत के पैक्स भवन के परिसर में चौपाल हुआ. प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, पैक्स अध्यक्ष रामस्वारथ साहू व कांग्रेस नेता लड्डू सिंह ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया. मौके पर सुरेंद्र राम, ब्रजेश कुमार, राकेश कुमार, प्रशांत कुमार सिंह, जोगेंद्र कमती आदि थे. पूसा : चंदौली पंचायत प्राथमिक विद्यालय में किसान चौपाल हुआ. अध्यक्षता कृषि समन्वयक सुभाष चन्द्र कुमार ने की. रमेश कुमार राय, दिनेश प्रसाद सिंह, सुरेन्द्र प्रसाद सिंह आदि थे. मोहिउद्दीननगर/मोहनपुर : पंचायत सरकार भवन, दुबहा के परिसर में किसान चौपाल हुई. ललिता सिंह आदि थी. मोहनपुर के दशहरा पंचायत के सामुदायिक भवन परिसर में भी किसान चौपाल हुई. राजीव कुमार रजक व पंकज कुमार चौधरी ने खरीफ 2018 में कृषि विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी. उजियारपुर : हरदीश नारायण झा उच्च विद्यालय बेलारी में किसान चौपाल हुआ. मौके पर कृषि समन्वयक अभिजीत, ललन कुमार, शिवदेव सिं किसान सलाहकार प्रभात रंजन, सरप योगेंन्द्र सिंह, मुखिया रामकिशोर मह आदि थे. बिथान : प्रखंड के जगमोह पंचायत स्थित ठाकुरवाड़ी के परिस में स्थानीय पंचायत के मुखिया लक्ष देवी की अध्यक्षता में किसान चौपा कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस वैज्ञानिक तरीके से खेती करने ए श्रीविधि से धान की रोपाई करने की बा बताई गई. मौकें पर एटीएम उमेशच यादव, कृषि सलाहकार अजीत कुमा शत्रुघ्न कुमार, संजय कुमार, अर्जु सिंह, राजेन्द्र राम, सतीश प्रसाद सिंह, शिवकुमार रमण आदि मौजूद थे.

### 15 तक सभी पंचायतों में किसान चौपाल

दलसिंहसराय . कृषि विभाग की ओर से चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रम की जानकारी दिये जाने के साथ ही 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने के लिये आवश्यक उपायों पर विभिन्न प्रकार की तकनीकी जानकारी देने के उद्देश्य से प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में किसान चौपाल 15 जून तक आयोजित होगी. इसको लेकर बीडीओ वीरेन्द्र कुमार सिंह की ओर से 1 से 15 जून तक आयोजित होने वाली शिड्यूल के मुताबिक, 5 जून को चकबहाउद्दीन, 6 जून को दलसिंहसराय नगर पंचायत, 7 जून को हरिशंकरपुर, 8 तून को कमरांव, 9 जून को केवटा व मालपुर पुरवारीपट्टी, 11 जून को मोख्तियारपुर सलखन्नी, 12 जून को नगरगामा, 13 तून को नवादा, 14 जून को पगड़ा व 15 जून को पांड़ पंचायत में किसान चौपाल का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है.

दैनिक भास्कर रोसड़ा · हसनपुर · विभूतिपुर · शिवाजीनगर

आयोजन| चौपाल के माध्यम से किसानों को विभाग की चल रही योजनाओं की दी गई जानकारियां

# किसानों को लाभप्रद खेती करने के तरीके, मिट्टी जांच, जैविक खेती, मत्स्य पालन के बारे में बताया

भास्कर न्यूज | रोसड़ा

प्रखंड क्षेत्र के ढरहा दुग्ध सहयोग समिति परिसर में सोमवार को कृषि विभाग द्वारा किसान चौपाल का आयोजन किया। अध्यक्षता भिरहा दक्षिण पंचायत के मुखिया राधे महतो ने करते हुए उपस्थित किसानों से सरकारी योजनाओं एवं अनुदान का लाभ उठाने के लिए सजग और तत्पर रहने की अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हसनपुर चीनी मिल के कार्यकारी उपाध्यक्ष शंभू सिंह ने भी किसानों को कई महत्वपूर्ण टिप्स एवं जानकारी दी। इसके अलावे सुनील कुमार, नवीन कुमार, अनिल महतो, वीरेंद्र प्रसाद आदि ने भी किसानों को लाभप्रद खेती करने के तौर-तरीको, मिट्टी जांच, जैविक खेती, मत्स्य पालन से संबंधित जानकारी दी। मौके पर बीएओ हरिशंकर प्रसाद सिंह, पैक्स अध्यक्ष भीष्म कुमार राय, पूर्व मुखिया मोती राय, सुनीत राय, महेश राय, गणेश राय आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कृषि समन्वयक फनीश कुमार ने किया।

**विद्यापतिनगर :** प्रखंड के बंगराहा पंचायत में कृषि समन्वयक प्रभात कुमार के नेतृत्व में किसान चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के माध्यम से किसानों को कृषि विभाग की चल रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। मौके पर बीईओ विजय कुमार सिंह,प्रखंड आत्मा अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह,किसान रामकरण महतो,मनोज कुमार,भुवनेश्वर चौधरी, ब्रजेश चौधरी, पवन राय, वीरेंद्र चौधरी, रामकरण महतो सहित किसान मौजूद थे।



विद्यापतिनगर के बंगराहा में किसान चौपाल में मौजूद किसान।



रोसड़ा में किसान चौपाल में उपस्थित किसान व ग्रामीण।

**मोरवा :** प्रखंड के सारंगपुर पश्चिमी व चकसिकंदर पंचायत में आयोजित किसान चौपाल में कृषि समन्वयक प्रभात कुमार, संजीव कुमार शर्मा,रंधीर कुमार, विनोद कुमार राय,सचिदानंद सहनी,मनीष कुमार,सुनील कुमार, संतोष कुमार यादव ने किसानों को श्री विधि, जीरो टीलेज आदि के बारे में बताया।

**हसनपुर :** प्रखंड के मध्य विद्यालय सकरपुरा एवं मध्य विद्यालय भटवन परिसर में किसान चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन चौपाल कार्यक्रमों में उक्त दोनों पंचायतों के 8 गांवों के किसानों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर किसान सलाहकार सुभाषचंद्र झा उर्फ विदुर जी झा ने उपस्थित सभी किसानों को जैविक खेती, आदि के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर मणिकांत चौधरी, मुकेश कुमार, ब्रजेश कुमार, अजीत कुमार, रामाशीष कुमार, मनोज कुमार, नारायण राउत, रत्नेश्वर राउत, सुखदेव पासवान, रंजीत कुमार आदि थे।

## किसान चौपाल में किसानों की भागीदारी नगण्य होने की शिकायत

**मोरवा |** सरकार के कृषि विभाग ने पंचायत किसान चौपाल आयोजित कर किसानों को जैविक खेती, बाजारोन्मुखी, उन्नत खेती व वैज्ञानिक तरीकों से खेती करने,पशुपालन, मत्स्य पालन संबंधित जानकारी व गुर सिखाने का प्रखंड में कार्यक्रम तय कर चौपाल लगाना शुरू किया। मोरवा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में भी किसान चौपाल आयोजित की जा रही है। चौपाल में किसानों की भागीदारी कम हो रही है।जबकि प्रति चौपाल 10-10 हजार रुपए खर्च सरकार कर रही है। कृषि विभाग के अधिकारियों व कर्मियों द्वारा चौपाल का प्रचार-प्रसार नहीं किया जा रहा है। खानापूरी की जा रही है। चौपाल में उपस्थिति एक से दो दर्जन किसानों की होती है परन्तु रजिस्टर पर फर्जी हस्ताक्षर कराकर इसकी संख्या अधिक से अधिक दिखाई जा रही है। उन्नत किसान श्यामनंदन राय,संतोष कुमार राय व जदयू किसान प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष सुधीर कुमार राय ने स्थानीय कृषि विभाग के अधिकारियों व कर्मियों पर किसान चौपाल का प्रचार-प्रसार नहीं करने,चौपाल के नाम पर आई राशि का बंदरबांट करने का साजिश बताया। इसकी शिकायत कृषि विभाग के निदेशक, मंत्री व मुख्यमंत्री से करने की बात बताया। चौपाल में किसानों की भागीदारी में कमी पर बीएओ लोकनाथ ठाकुर ने पूछने पर प्रचार-प्रसार में कमी की बात स्वीकारते हुए आगे ध्यान देने की बात बताया।

**वारिसनगर :** प्रखंड के रायपुर पंचायत के चंदौली गांव स्थित पैक्स कार्यालय के प्रांगण में किसान चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उससे पूर्व स्थानीय किसानों ने श्रीविधि खेती के सरकारी नीति का जमकर विरोध किया। किसानों ने पैक्स में धान,गेहूं की तरह मक्का अधिप्राप्ति की व्यवस्था की भी मांग की। जिसे कृषि समन्वयक अरविंद कुमार चौधरी,मनोज कुमार आदि के द्वारा समझाने पर सभी शांत हुए। मौके पर समन्वयक रतेंद्र कुमार सिंह,नवीन कुमार, शम्स कमर अंसारी,पैक्स अध्यक्ष मनोज कुमार राय,वार्ड सदस्य हेमंत कुमार फुलचुन,राज नारायण राय,अशर्फी राय,अनुज कुमार राय,अशोक राय,रामविनय राय,भोला राय आदि कृषक उपस्थित थे।

**विभूतिपुर :** प्रखंड के महथी उत्तर पंचायत में मुखिया संगीता कुमारी की अध्यक्षता में आत्मा द्वारा संचालित किसान चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया। उद्घाटन स्थानीय विधायक रामबालक सिंह ,पैक्स अध्यक्ष राजीव कुमार संयुक्ता रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर कृषि समन्वयक सुरेंद्र कुमार सिंह, राजीव रंजन ,कैलाश साहनी, सहायक कृषि तकनीकी प्रबंधक श्री सत्यनारायण सिंह ,किसान सलाहकार वचन देव शर्मा, अमरेश कुमार, कैलाश साहनी, सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

दैनिक भास्कर

# दलसिंहसराय · शाहपुर पटोरी

**आयोजन | दलसिंहसराय, शिवाजीनगर, विद्यापतिनगर, मोरवा आदि प्रखंडों में लगा किसान चौपाल**

# जैविक खाद के उपयोग व धान की खेती करने के तरीकों की दी गईं जानकारियां

भास्कर न्यूज़ | दलसिंहसराय

प्रखंड के चकबहाउद्दीन में मंगलवार को कृषि विभाग की ओर से किसान चौपाल कार्यक्रम का आयोजन मुखिया अदीब कौकब फरीदी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस दौरान बीएओ चितरंजन चौधरी, सुनील कुमार मिश्रा व सरोज कुमार ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी दिया। साथ ही किसानों को जैविक खाद व खरीफ फसल के अंतर्गत धान की खेती करने के तरीकों को विस्तार से बतलाया। मौके पर राम बिलास शर्मा, विंदेश्वर राय, शिवशंकर सिंह, सीताराम सिंह, छेदी राय, महेंद्र राय, मो. इदरीश, रामसागर सिंह सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

## चौपाल में दी गयी खेती की नई-नई तकनीकों की जानकारी

: **शिवाजीनगर**| प्रखंड के भटौरा मठ परिसर में किसान चौपाल का आयोजन स्थानीय मुखिया शुभकला देवी की अध्यक्षता में की गई। कार्यक्रम में किसानों को लाभदायक खेती एवं नए-नए तकनीकों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित कृषि विशेषज्ञों द्वारा कम लागत में अधिक से अधिक उपज की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मौके पर एटीएम सुशील कुमार कुशवाहा, किसान सलाहकार संजय कुमार, मुकेश कुमार, रंजीत कुमार प्रगतिशील किसान दिलीप कुमार, बलराम सिंह आदि उपस्थित थे।



विद्यापतिनगर की बाजिदपुर पंचायत में किसान चौपाल में शामिल किसान।



कल्याणपुर में किसानों को खेती की जानकारी देते कृषि समन्वयक।

## मोहिउद्दीननगर

मोहिउद्दीननगर प्रखंड की तेतारपुर एवं हरैल पंचायत में किसान चौपाल का आयोजन किया गया। अध्यक्षता मुखिया फूल सुगम देवी व मूलचंद पासवान ने की। मौके पर कृषि समन्वयक संजय कुमार हिमांशु, कन्हैया राय, किसान सलाहकार विनोद राय, राम्रा शंकर सिंह, कपिलदेव सिंह, धर्मेंद्र कुमार सिंह, नागेश्वर सिंह, पिंटू सिंह, ज्योति देवी, फुदन पासवान, बिनोद राय, राम विलास राय आदि उपस्थित थे।

## हसनपुर

हसनपुर प्रखंड की शासन पंचायत में किसान चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन चौपाल कार्यक्रमों में पंचायत के 4 गांवों के किसानों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर किसान सलाहकार सुभाषचंद्र झा उर्फ विदुर जी झा ने उपस्थित सभी किसानों को विस्तार से बताया। इस मौके पर मणिकांत चौधरी, पंचायत के मुखिया मोहम्मद सत्तार, सरपंच अर्जुन कुमार राय, संतोष ठाकुर, पप्पू कुमार राय आदि थे।

## कल्याणपुर

कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के भागीरथपुर पंचायत में किसान चौपाल का आयोजन कृषि समन्वय कुमारी पुष्पा रानी व पंकज कुमार के नेतृत्व मे किया गया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य सुरज कुमार, रामदेव राय, मकसुदन राय,शंभू राय , राकेश कुमार राय, बिनोद महतो , ननकी पासवान , राज कुमार राय , मीना देवी, शंकर पासवान सहित किसान मौजूद थे।

## विभूतिपुर

विभूतिपुर प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय मुस्तफापुर के प्रांगण में किसान चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया । अध्यक्षता स्थानीय मुखिया सीतादेवी ने की। किसान चौपाल कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय विधायक रामबालक सिंह ,पैक्स अध्यक्ष राजीव कुमार संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी शिवजी पासवान, पंचायत समिति सदस्य चंदेश्वर पासवान उपेंद्र कुशवाहा रामनरेश जा अरविंद कुमार ज्योति परियोजना पदाधिकारी के के झा समन्वयक सुरेंद्र कुमार मौजूद थे।

## किसानों को दी गई डीबीटी योजनाओं की जानकारी

**विद्यापतिनगर** | प्रखंड के बाजिदपुर पंचायत में किसान चौपाल प्रभारी उद्यान पदाधिकारी प्रभात कुमार की अध्यक्षता में की गयी। चौपाल में किसानों को धातु कोठिला, वायो गैस,वर्मी कम्पोस्ट यूनिट निर्माण,बोरिंग योजना एवं अनुदानित दर पर वायो फर्टिलाइजर वितरण व वायो पेस्टिसाइड वितरण सहित कृषि विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी विजय कुमार सिंह, आत्मा अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, दिनेश कुमार, दिलीप सिंह, अनिल कुमार, निशांत कुमार, त्रिभुवन सिंह, जवाहर सिंह, अरविंद पासवान, पशुपति सिंह मौजूद थे।

## जैविक खेती करने पर दिया बल

**मोरवा**| प्रखंड के धर्मपुर बांदे पंचायत भवन पर मुखिया विभा देवी व सौंगर में मुखिया धर्मेंद्र राम की अध्यक्षता में किसान चौपाल आयोजित कि गई। चौपाल में किसानों को कृषि समन्वयक जितेन्द्र कुमार व रविन्द्र कुमार तथा कृषि सलाहकार अर्पणा कुमारी एवं श्याम कुमार समेत अन्य विभागीय अधिकारियों ने किसानों को जानकारी दी। चौपाल में खेती के साथ-साथ पशुपालन व मत्स्य पालन क संबंधित जानकारी दी गई।मौके पर पूर्व जिला पार्षद अशोक दास,घनश्याम सिंह,बालेश्वर प्रसाद सिंह समेत दर्जनों किसान उपस्थित थे।

प्रभात खबर, 06 जून 2018 पेज सं 06

## चौपाल. संगीत के माध्यम से कृषि सलाहकार ने दी सलाह

# करिऔ वैज्ञानिक विधि से खेती खुशहाली किसानी से अइतैय न...

प्रतिनिधि ▷ विद्यापतिनगर



चौपाल में मौजूद किसान .

**किसानों** के अच्छे दिन आने की बात सुन खेतिहर लोग झूम उठे. जब संगीत के स्वर में सलाहकार ने खेती से दस गुना आय होने की बात कही. मौका था मंगलवार को बाजिदपुर पंचायत भवन पर आयोजित किसान चौपाल में किसानों को खरीफ फसल की जानकारी मुहैया कराने का. कार्यक्रम की अध्यक्षता आत्मा अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने की. किसानों के शिकायती सवाल से बोझिल हो चुके कृषि विभाग के सदस्य ने उन्हें उनके शिकायत के समाधान की बात कही. उन्नत खेती के उपाय बताये गये. खरीफ की खेती और धान के पटवन की समस्या, डीजल अनुदान समय पर दिये जाने की मांग वाली चर्चा के बीच जब कृषि समन्वयक दिनेश कुमार ने माइक पकड़ किसानी संगीत का स्वर बिखेरा तो जैसे किसानों के अच्छे दिन लौट आने के प्रबल आशाएं जाग गयी. करिऔ वैज्ञानिक विधि खेती, खुशहाली किसानी से अइतय न्न जान बनतअ जैविक खेती, उत्पादन वर्मी कंपोस्ट बढ़त न्न... गीत के माध्यम से ही अधिक उत्पादन से दस गुणा आय की जानकारी दी. प्रभारी उद्यान पदाधिकारी प्रभात कुमार ने खरीफ 2018 में कृषि विभाग की ओर से चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं को रखा. समन्वयक गौतम कुमार चौधरी, अनिल कुमार, प्रभात कुमार, आलोक कुमार, निशांत कुमार, अशोक कुमार पासवान, किसान जवाहर सिंह, चंद्रकेतु सिंह, मनराम सिंह, अनिल सिंह, गजेंद्र सिंह, उमेश्वर सिंह, त्रिभुवन सिंह, पशुपति सिंह, शत्रुघन पासवान, संजीत पासवान, जागो दास आदि थे. मोहनपुर : धरणीपट्टी पूर्वी पंचायत के सामुदायिक भवन, रसलपुर के परिसर में मंगलवार को किसान चौपाल का आयोजन किया गया. अध्यक्षता पूर्व आत्मा अध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह ने की. मौके पर कृषि समन्वयक राजीव कुमार रजक, अमित कुमार, मनोज कुमार, आलोक कुमार, मनोज कुमार चौधरी, शंकर चौधरी, किसान गनौर दास, उमेश प्रसाद सिंह, शत्रुध्न प्रसाद सिंह, रीता देवी, पूनम देवी आदि मौजूद थे. मोहिउद्दीननगर : प्रखंड के हरैल व तेतारपुर पंचायत में किसान चौपाल का आयोजन मंगलवार को किया गया. अध्यक्षता मुखिया फुलसुगम देवी व मूलचन्द्र पासवान ने की. मौके पर कृषि समन्वयक संजय कुमार हिमांशु, एटीएम धनंजय सिंह, पंसस ज्योति देवी, वार्ड सदस्य फुदन पासवान, विनोद राय, विलास राय, रामाशंकर सिंह, कपिल देवी सिह, धमेन्द्र कुमार सिंह, नागेश्वर सिंह, पिंटू सिंह आदि मौजूद थे.

### जैविक खेती करने पर बल

मोहिउद्दीननगर : हरैल और तेतारपुर पंचायत में आयोजित किसान चौपाल में समन्वयक ने किसानों से वैज्ञानिक ढंग से खेती करने का आह्वान किया। अध्यक्षता फुलसुगम देवी एवं मूलचंद पासवान ने संयुक्त रूप से की। संचालन कृषि समन्वयक संजय कुमार हिमांशु ने किया। समन्वयक कन्हैया कुमार ने कहा कि रासायनिक खाद की जगह जैविक खाद का प्रयोग करें। इससे खेतों की सेहत भी बनी रहेगी और पैदावार भी अच्छी होगी ।(संस)

5-6

### कीजिए जैविक खेती होगी उन्नत पैदावार

6/6

ताजपुर। ताजपुर प्रखंड के भेरोखरा पंचायत भवन परिसर में किसान चौपाल का आयोजन किया गया। संचालन पंचायत समिति सदस्य गौतम कुमार राय ने किया। मौके पर कृषि समन्वयक नृपेन्द्र कुमार, कृष्ण कुमार, सुरेश प्रसाद सिंह, अमरेन्द्र राय, अनिल कुमार, सुजीत कुमार वर्मा किसान सलाहकार पिंकी कुमारी, सुनील कुमार, कपिल भूषण आदि थे।

प्रभात खबर | 07

मुजफ्फरपुर, गुरुवार
7.06.2018

चल

# समेकित खेती कर किसान बनेंगे समृद्धशाली

प्रतिनिधि ▷ सरायरंजन

**नरघोघी** स्थित पंचायत सरकार भवन के परिसर में बुधवार को कृषि विभाग की ओर से किसान चौपाल का आयोजन किया गया. उद्घाटन प्रखंड प्रमुख वीणा कुमारी ने की. अध्यक्षता उप मुखिया शिव शंकर सिंह ने किया. मौके पर कृषि समन्वयक अंजनी कुमार, किसान सलाहकार विमल किशोर, अनिल ठाकुर,उदय ठाकुर, अवधेश कुमार सिंह, राज कुमार महतो, प्रमोद चौरसिया आदि किसान उपस्थित थे.

**हसनपुर** : देवरा एवं सुरहा बसंतपुर पंचायत में कृषि चौपाल लगाया गया. मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी विनय कुमार सरस, मणिकांत चौधरी, सुभाष चंद्र झा उर्फ विदुर झा, मुखिया अमरेश

**➲ पंचायतों में लगायी जा रही है किसान चौपाल**

कुमार, अवध शरण यादव, बृजेश कुमार, मुकेश रंजन, मो. जैनुल, महेश सिंह, ऋषिराज सिंह, मानिक सिंह, अर्जुन सिंह, शंभू यादव, गजेंद्र सिंह, नंदकिशोर यादव आदि थे.

**उजियारपुर** : लोहागीर पंचायत भवन पर कृषि समन्वयक संजय कुमार, जिला पार्षद दिलीप कुमार सहनी, मुखिया उमेश राय, सरपंच निरंजन कुमार, पंचायत समिति सदस्य रामभरोस राय, उपमुखिया राम मनोहर राय, वार्ड सदस्य संघ के प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार सुमन, वार्ड सदस्य लक्ष्मण कुमार आदि थे.

**शिवाजीनगर** : प्रखंड के डुमरा मोहन



चौपाल में मौजूद किसान.

पंचायत भवन पर मुखिया चंदन देवी की अध्यक्षता में किसान चौपाल का आयोजन किया गया. मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी गुरुचरण चौधरी,एटीएम सुशील कुशवाहा एसी रंजन कुमार अजय शंकर मिश्र आदि थे. **दलसिंहसराय** : नगर पंचायत में किसान चौपाल का आयोजन किया गया. अध्यक्षता आत्माध्यक्ष विश्वनाथ प्रसाद ने की. इसमें प्रशिक्षक चंद्रभूषण राय व अरविन्द कुमार पांडेय ने उपस्थित शहरी क्षेत्र के चकलोकमान, भगवानपुर चकसेखू व अन्य जगहों किसानों के बीच कृषि विभाग की ओर से चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी.

**विद्यापतिनगर** : गढ सिसई पंचायत में बीएओ विजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में चौपाल हुआ. मौके पर गौतम कुमार चौधरी, रविंद्र चौधरी, जयराम महतो, अशोक कुमार, शैलेश कुमार, रामसकल सिंह, राजेश साह, राम प्रसाद पंडित, सुरेंद्र प्रसाद, सीताराम महतो आदि थे. मोरवा : बाजितपुर करनैल. में किसान चौपाल हुआ. अध्यक्षता मुखिया अनीता देवी ने की. मौके पर सर्वेन्दु कुमार शरण, राजन महतो, शिवानन्द राय, कमल राय, वैद्यनाथ राय आदि मौजूद थे.

## किसान चौपाल का आयोजन

**बिथान.** प्रखंड क्षेत्र के करांची गांव एवं मरथुआ गांव में क्रमशः पूर्व प्रमुख चन्द्रशेखर प्रसाद एवं वार्ड सदस्य गंगिया देवी की अध्यक्षता में अलग-अलग किसान चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें वैज्ञानिक तरीके से खेती करने एवं श्रीविधि से धान की रोपाई करने की बात बताई गई. मौके पर उमेशचन्द्र यादव, अरविंद शर्मा आदि उपस्थित थे.

प्रभात खबर, 7 जून 18
पेज नं० 06

## किसान चौपाल का आयोजन

**समस्तीपुर.** चकनूर पंचायत के पंचायती सरकार भवन पर किसान चौपाल का आयोजन किया गया. अध्यक्षता मनोज कुमार ने की. इसमें कृषि समन्वयक मुकेश कुमार देव ने बताया कि जैविक तरीके से उपजाये फसल ज्यादा बेहतर होते हैं. मौके पर रघुनाथ चौधरी, मनोज कुमार दत्ता, महेश्वर पासवान, महेश प्रसाद राय आदि उपस्थित थे. प्रभात खबर 7 जून 18 पेज नं० 05

किसान चौपाल | दलसिंहसराय, शिवाजीनगर, मोरवा, हसनपुर, विद्यापतिनगर प्रखंडों में हुआ आयोजन, जुटे सैकड़ों किसान

# यांत्रीकरण, खरीफ योजना, वर्मी उत्पादन, समूह निर्माण व मिट्टी जांच कराने के बताए गए फायदे

भास्कर न्यूज | दलसिंहसराय

प्रखंड के ई-किसान भवन परिसर में बुधवार को कृषि विभाग की ओर से किसान चौपाल कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड आत्मा अध्यक्ष विश्वनाथ प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। चौपाल में पहुंचे नगर पंचायत क्षेत्र के कृषकों को बीएओ चितरंजन चौधरी, सहायक तकनीक प्रबंधक अरविंद कुमार पांडेय, कृषि समन्वयक चंद्रभूषण राय, मुकेश कुमार चौधरी, निशांत कुमार ने सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी दिया। साथ ही किसानों को जैविक खाद व खरीफ फसल के अंतर्गत धान की खेती करने के तरीकों को विस्तार से बतलाया। इस दौरान सभी को खरीफ योजना, यांत्रीकरण योजना, वर्मी उत्पादन, समूह निर्माण, आला से संबंधित योजनाओं, मिट्टी जांच, उद्यान विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी व आत्मा से संबंधित योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। मौके पर डॉ. अरविंद कुमार ज्योति, भरत चौधरी, संतोष झा सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

## दी गयी कृषि से आय दोगुनी करने की जानकारी

**शिवाजीनगर |** प्रखंड के डुमरा मोहन पंचायत भवन पर किसान चौपाल का आयोजन किया गया। अध्यक्षता मुखिया चंदन देवी ने की। कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक एवं लाभकारी खेती से संबंधित तकनीकों की जानकारी दी गई तथा कृषि से आय दोगुनी करने



दलसिंहसराय ई-किसान भवन में प्रशिक्षण देते सीओ व जनप्रतिनिधि।



हसनपुर में खेती के तौर-तरीके सीखते किसान।

## समूह बनाकर खेती करने की दी सलाह

**विद्यापतिनगर |** प्रखंड के गढ़सिसई पंचायत में आयोजित किसान चौपाल में किसानों को समूह बनाकर खेती करने से होने वाले फायदे की विस्तृत जानकारी दी। कृषि समन्वयक गौतम चौधरी ने किसानों को वैज्ञानिक व आधुनिक तरीके से खेती करने आदि की जानकारी दी। मौके पर बीएओ विजय कुमार सिंह,मधुकर श्लोक, अनिल शर्मा,प्रभात कुमार, अमरनाथ झा,उषा कुमारी, रविन्द्र चौधरी,अशोक कुमार,राम प्रसाद पंडित,राजेश साह आदि किसान मौजूद थे।

## किसान चौपाल का आयोजन

**उजियारपुर|** प्रखंड के लोहागीर पंचायत भवन पर किसान चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें कृषि संबंधी मूलभूत जानकारी दी गई। मौके पर जिला पार्षद दिलीप कुमार सहनी, मुखिया उमेश राय, सरपंच निरंजन कुमार पंचायत समिति सदस्य रामभरोस राय, उपमुखिया राम मनोहर राय, वार्ड सदस्य संघ के प्रखंड अध्यक्ष अरूण कुमार सुमन, कृषि समन्वयक संजय कुमार, लक्ष्मण कुमार सहित किसान मौजूद थे।

## समेकित खेती कर बनेंगे समृद्धशाली

**सरायरंजन|** प्रखंड के नरघोघी स्थित पंचायत सरकार भवन के परिसर में कृषि विभाग द्वारा आयोजित किसान चौपाल का आयोजन किया गया। किसान चौपाल का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख वीणा कुमारी ने की। अध्यक्षता उप मुखिया शिव शंकर सिंह ने किया। किसान सलाहकार विमल किशोर ने किसानों को समेकित कृषि में फसलोत्पादन, बागवानी, मत्स्य पालन एवं पशुपालन करके किसानों को स्वावलंबी बनने की सलाह दी। मौके पर अनिल ठाकुर , उदय ठाकुर, अवधेश कुमार सिंह, राज कुमार महतो, प्रमोद चौरसिया आदि किसान उपस्थित थे।

## खेती के साथ-साथ पशुपालन व मत्स्यपालन पर दिया गया बल

मोरवा। प्रखंड के गुनाई बसही और बाजितपुर करनैल पंचायत में किसान चौपाल आयोजित कि गई। चौपाल में किसानों को कृषि समन्वयक रंधीर कुमार झा व संजीव कुमार शर्मा तथा कृषि सलाहकार श्याम कुमार राय एवं सुनील कुमार द्वारा कृषि संबंधित खरीफ योजनाओं व

## किसानों को बताए गए श्री विधि से धान की खेती के तौर तरीके

हसनपुर। प्रखंड की सुरहा बसंतपुर पंचायत के हरिपुर बिशनपुर गांव स्थित पुस्तकालय भवन परिसर में किसान चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल कार्यक्रम में पंचायत के अलग-अलग गांवों से पहुंचे एक सौ से अधिक किसानों को कृषि विभाग के कर्मियों ने आधुनिक कृषि